लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2377

उत्तर देने की तारीख : 03.08.2021

राष्ट्रीय वयोश्री योजना का कार्यान्वयन

2377. श्री भर्तृहरि महताब:
श्रीमती रीती पाठक:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों के लिए शारीरिक सहायक उपकरण एवं जीवन-सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हेतु राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई)शुरू की है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा चालू वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य निर्धारित किया है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या उपलब्धि प्राप्त हुई है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाती हैं;

(घ) राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई)के कार्यान्वयन हेतु कितने जिलों/शहरों का चयन किया गया है तथा उक्त क्षेत्रों में कितने वितरण शिविर स्थापित किए गए हैं; और

(ड.) विगत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत कितनी निधि आवंटित की गई और उपयोग में लाई गई है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) से (ग) : जी,हां। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों और 15000/- रुपए से कम मासिक आय वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी शारीरिक यंत्र और जीवन सहायक शारीरिक उपकरण प्रदान करने के लिए दिनांक 01.04.2017 से राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) नामक एक स्कीम की शुरूआत की है।

स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित यंत्र और सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं:

(i) जेनरिक वस्तुएं

(1) वाकिंग स्टिक (2) एल्बो क्रचस (3) वॉकर/क्रचस (4) ट्राइपॉड/क्वाडपॉड (5) श्रवण यंत्र (6) बनावटी दांत और (7) चश्मे

(ii) विशेष वस्तुएं

(1) व्हील चेयर्स (2) कमोड के साथ व्हील चेयर्स (3) कमोड के साथ चेयर/स्टूल (4) सिलिकॉन फोम कुशन (5) नी ब्रेस (6) स्पाइनल सपॉर्ट (7) सर्वाइकल कॉलर (8) लंबोसेक्रल बेल्ट (एलएस)

(9) ब्रेक्स के साथ वाकर/रोआलटर (10) सीट के साथ वाकिंग स्टिक (11) फुट केयर किट : (i) फलेक्सी जेल सॉक्स (ii) सॉक्स कुशन सैण्डल (iii) सिलिकॉन इनसोल (पूरा पैर/टखना (एंकल) और (iv) प्रेशर प्वाइंट रिलीफ के साथ इनसोल।

चालू वर्ष के दौरान, महामारी की वजह से हुए व्यवधान के कारण, अभी तक वितरण शिविरों का आयोजन नहीं किया जा सका है। इसके बावजूद, वर्ष 2021-22 के दौरान 2285 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए जिनका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): आरवीवाई को देश के सभी जिलों में कार्यान्वित किया जाता है। दिनांक 06.07.2021 की स्थिति के अनुसार, 194 वितरण शिविर आयोजित किए गए हैं।

(ङ.): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस स्कीम के अंतर्गत आवंटित और प्रयुक्त निधियों का ब्यौरा इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष	आवंटित निधियां (रुपए करोड़ में)	प्रयुक्त निधियां (रुपए करोड़ में)
2018-19	106.51	45.028
2019-20	0.00	38.978
2020-21	26.50	28.403
2021-22 (06.07.2021 तक)	0.00	4.2284

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 3.08.2021 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2377 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लाभार्थियों की संख्या (दिनांक 06.07.2021 की स्थिति के अनुसार)
		2021-22
1.	आंध्र प्रदेश	432
2.	बिहार	759
3.	हरियाणा	420
4.	महाराष्ट्र	229
5.	तेलंगाना	445
कुल		2285

*****